

# सज रहे भोले बाबा निराले दूल्हे में

निराले दूल्हे में मतवाले दूल्हे में,
सज रहे भोले बाबा निराले दूल्हे में।

अरे देखो भोले बाबा की अजब है बात,
देखो भोले बाबा की अजब है बात,
चले हैं संग ले कर के भूतों की बरात,
सज रहे भोले बाबा निराले दूल्हे में।

हिंदीपथ.कॉम – HindiPath.com

है भेस निराला, जय हो
पीये भंग का प्याला, जय हो
सर जटा चढ़ाये, जय हो
तन भसम लगाए, जय हो
ओढ़े मृगशाला, जय हो
गले नाग की माला, जय हो
है शीश पे गंगा, जय हो
मस्तक पे चंदा, जय हो
तेरे डमरू साजे, जय हो
त्रिशूल विराजे, जय हो
भूतों की लेके टोली, चले हैं ससुराल,
शिव भोले जी दिगंबर, हो बैल पे सवार,
सज रहे भोले बाबा निराले दूल्हे में।

निराले दूल्हे में मतवाले दूल्हे में,
सज रहे भोले बाबा निराले दूल्हे में।

अरे देखो भोले बाबा की अजब है बात,
देखो भोले बाबा की अजब है बात,
चले हैं संग ले कर के भूतों की बरात,
सज रहे भोले बाबा निराले दूल्हे में।

नित रहें अकेले, जय हो
शंकर अलबेले, जय हो
हैं गुरु जगत के, जय हो
नहीं किसी के चेले, जय हो
है भांग का जंगल, जय हो
जंगल में मंगल, जय हो
भूतों की पलटन, जय हो
आ गयी है बन ठन, जय हो
ले भांग का गट्ठा, जय हो
ले कर सिल बट्टा, जय हो
सब घिस रहें है, जय हो
हो हक्का बक्का, जय हो

पी कर के प्याले, जय हो
हो गए मतवाले, जय हो
कोई नाचे गावे, जय हो
कोई ढोल बजावे, जय हो
कोई भौं बतलावे, जय हो
कोई मुँह पिचकावे, जय हो
भोले भंडारी, जय हो
पहुँचे ससुरारी, जय हो
सब देख के भागे, जय हो
सब नर और नारी, जय हो
कोई भागे अगाड़ी, जय हो
कोई भागे पिछाड़ी, जय हो
खुल गयी किसी की, जय हो

धोती और साड़ी, जय हो
कोई कूदे खम्बम, जय हो

हिंदीपथ.कॉम – HindiPath.com

कोई बोले बम बम, जय हो
कोई कद का छोटा, जय हो
कोई एकदम मोटा, जय हो
कोई तन का लम्बा, जय हो
कोई ताड़ का खम्बा, जय हो
कोई है इक टंगा, जय हो
कोई बिलकुल नंगा, जय हो

कोई एकदम काला, जय हो
कोई दो सीर वाला, जय हो
'शर्मा' गुण गाए, जय हो
मन में हर्षाए, जय हो
त्रिलोक के स्वामी, जय हो
क्या रूप बनाए, जय हो
भोले के साथी, जय हो
हैं अजब बराती, जय हो
भूतों की ले कर टोली चले हैं ससुराल,

हिंदीपथ.कॉम – HindiPath.com

शिव भोले जी दिगंबर हो बैल पे सवार,
सज रहे भोले बाबा निराले दूल्हे में।

निराले दूल्हे में मतवाले दूल्हे में,
सज रहे भोले बाबा निराले दूल्हे में।

हिन्दीपथ.कॉम

हिन्दीपथ.कॉम

# अन्य भजन

- आज सोमवार है
- आज मंगलवार
- आज बुधवार है
- आज गुरुवार है
- आज शुक्रवार है
- आज शनिवार है
- आज रविवार है
- मेरा भोला है भंडारी
- ऐसा डमरू बजाया भोलेनाथ
- लागी लगन शंकरा
- हर हर शंभू शिव
- नमो नमो जी शंकरा
- शिव समा रहे मुझमें
- शिव में मिलना है
- चलो बुलावा आया है
- महादेव के दीवाने
- तू महलों में रहने वाली
- भोलेनाथ की शादी
- होली खेले मसाने में
- गंगा किनारे चले जाना
- पार्वती बोली शंकर से
- शंभू तेरी माया
- जय हो भोले
- महाकाल की महाकाली
- सुबह सुबह ले शिव का

हिंदीपथ.कॉम – HindiPath.com

- शिव शंकर को जिसने
- शंकर मेरा प्यारा
- सब कुछ मिला रे भोले
- धुडु नचेया
- सब देव चले महादेव
- शिवजी बिहाने चले
- सज रहे भोले बाबा
- जय जय बाबा
- भोला मस्त मलंग
- भोला भांग तुम्हारी मैं
- एक दिन वह भोले
- हर हर महादेव शिवाय
- आग लगे चाहे बस्ती में
- बोलो हर हर महादेव
- मेरा शिव सन्यासी हो
- एक दिन मैया पार्वती
- मैं शिव का हूं शिव मेरे
- जाना पड़ेगा श्मशान है
- हे दुख भंजन मारुति
- राम न मिलेंगे हनुमान
- साईं राम साईं श्याम
- चलो बुलावा आया है
- मेरी मां के बराबर कोई
- लाल लाल चुनरी
- मां दूजा कोई द्वार ना
- बजाओ राधा नाम की
- श्याम तेरी बंसी पुकारे
- राधे राधे जपो चले

हिंदीपथ.कॉम – HindiPath.com

- अरे द्वारपालों कन्हैया
- गोविंद बोलो हरि
- किशोरी कुछ ऐसा
- छोटी छोटी गईया छोटे
- मेरा आपकी कृपा से
- श्री कृष्ण गोविंद हरे
- कन्हैया कन्हैया पुकारा
- मेरे बांके बिहारी लाल
- ओ कान्हा अब तो
- कृष्ण है विस्तार यदि
- भर दे रे श्याम झोली
- मैं हूं शरण में तेरी

हिंदीपथ.कॉम